**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 20 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:-**

**1. सेवा पखवाड़े के दौरान सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए कार्यक्रमों का आयोजन जारी- मोदी सरकार ने सार्वभौमिक स्वस्थ्य कवरेज को मज़बूत किया।**

**2. भारतीय जनता पार्टी ने पंचकूला में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया - स्वदेशी अपनाने पर ज़ोर दिया।**

**3. सेवा पखवाड़ा के तहत हरियाणा में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।**

**4. हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर भारतीय वायु सेना ने एयर शो का अभ्यास किया - वायु सेना के विमानों के शौर्य की ताकत देखने को मिली।**

**5. भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के नई पीढ़ी के जी एस टी सुधारों के बारे में पंचकूला जिले के संयोजक पंकज गुप्ता ने कहा कि जी एस टी सुधारों से माध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली।**

**************************************************

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को मजबूत किया है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है।

*पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आया है। 2018 में, नरेंद्र मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है। यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। भारत की 40 प्रतिशत आबादी को लक्षित करते हुए, यह योजना 12 करोड़ से अधिक परिवारों को कवर करती है और लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को लाभ दे रही है।*

*पिछले साल 29 अक्टूबर को नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार की घोषणा की थी ताकि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना योजना के दायरे में लाया जा सके।*

*ईशान श्रीवास्तव ने आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार के सदस्य को जेब खर्च बचाकर इलाज कराने में मदद मिली।*

*पंजीकरण के लिए केवल आधार की आवश्यकता वाली यह योजना 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए आसान और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती है।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, सरकार ने एक समावेशी स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत को सफलतापूर्वक लागू किया है। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार चंडीगढ़*

****************************************************

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत पंचकूला में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि इसकी अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने की।

श्री मोहन लाल बड़ोली ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के संकल्प को मजबूत करना था।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। "गर्व से कहो यह स्वदेशी है" केवल एक नारा नहीं, बल्कि जन-जन के जीवन का संकल्प बन चुका है।
भजप के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने बताया -

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता भी शामिल हुए।
***************************************************
सेवा पखवाड़ा के तहत अंबाला छावनी में आज रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शिरकत की। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया
श्री विज ने बताया -

***************************************************
कैथल नागरिक अस्पताल में आज सेवा पखवाड़े के तहत सशक्त नारी स्वस्थ परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस दौरान एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने स्वास्थ्य की जांच करवाई।
इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने कहा कि स्वस्थ और सशक्त नारी केवल परिवार की देखभाल ही नहीं करती, बल्कि परिवार को आर्थिक, सामाजिक और नैतिक आधार पर भी मजबूती प्रदान करती है।
स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को न्यूट्रीशियन किट व आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। नागरिक अस्पताल परिसर में एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

नगर परिषद अध्यक्ष  ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया।

*******************************************************

हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर कल होने वाले भारतीय वायुसेना के एयर शो का आज अभ्यास किया गया। शो में कल मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

हमारे संवाददाता ने बताया कि आज रिहर्सल शो में भारतीय वायुसेना के विमानों के शौर्य की ताकत हिसार के आसमान में देखने को मिली।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधु ने कहा-

उन्होंने कहा कि हिसार के बहुत से लोग सेना का गौरव बढ़ा रहे हैं।

*******************************************************

भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ एवं नई पीठी के जीएसटी सुधारों के पंचकूला जिले  के संयोजक पंकज  गुप्ता ने कहा कि वित मंत्री निर्मल सीतारमण ने बजट में नौकरी पेशा लोगों को छूट देने के बाद, अब जीएसटी सुधारों से बड़ी राहत दी है।

जीएसटी की नई दरों का ब्योरा देते हुए कहा कि इससे छात्रों,  रोगियों, व आम उपभोगता को लाभ होगा, किसानों के भी कृषि उपकरण सस्ते मिलेंगे।इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी लाभ होगा।

उन्होने कहा -

*******************************************************

हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के महानिदेशक एस नारायण ने  कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश में नए आयाम स्थापित होंगे। नई शिक्षा नीति एक नई दिशा दिखाने का कार्य करेगी। हरियाणा ने इसे लागू कर लिया है और इसके सभी आयामो के लक्ष्य को निश्चित तौर पर हासिल करेगा।

वो आज जींद के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे।

कार्यशाला में 18 महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं कुलगुरु ने शिरकत की।

कार्यशाला में नरवाना से आई डॉ अंजना लोहान ने कहा -

*****************************************************